# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक :– सम्बद्धता/2540
दिनांक :– 03-9-2025

**अनुस्मारक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय : राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या ई–5360/32–जी०एस०/2023–XIX दिनांक : 26 जुलाई 2025 के अनुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के दीक्षान्त समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पूर्व पत्रांक सम्बद्धता/2148 दिनांक 12.08.2025 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या ई–5360/32–जी०एस०/2023–XIX दिनांकः 26 जुलाई 2025 के अनुपालन में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के दीक्षान्त समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन संपन्न कराने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ (प्रतियोगिताएं) आपके द्वारा महाविद्यालय/संस्थान में दिनांक 15–24 अगस्त 2025 तक सम्पादित करायी जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए थे किन्तु उक्त के संबंध में आज दिनांक 03.09.2025 तक कोई सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है। जिसपर माननीय कुलपति जी द्वारा गहन रोष व्यक्त किया गया है।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त प्राचार्य/प्राचार्या से अपेक्षा है कि वे दिनांक 10 सितम्बर 2025 तक या उससे पहले महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूचना प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। दिनांक 10 सितम्बर 2025 के बाद प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी दिनांक 13–16 सितम्बर 2025 तक विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करेंगे।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,
03-9-25
कुलसचिव

प्रतिलिपि :
(1) वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
(2) वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के संज्ञानार्थ।
(3) अध्यक्ष एवं समन्वयक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(3) प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
(4) प्रभारी, प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक :– सम्बद्धता/2148
दिनांक :– 12-8-2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय : राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या ई–5360/32–जी०एस०/2023–XIX दिनांक : 26 जुलाई 2025 के अनुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के दीक्षान्त समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन करने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या ई–5360/32–जी०एस०/2023–XIX दिनांक : 26 जुलाई 2025 के अनुपालन में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के दीक्षान्त समारोह से पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन संपन्न कराने हुए निम्नांकित गतिविधियाँ आपके द्वारा महाविद्यालय/संस्थान में सम्पादित कराई जानी है :

1 परम्परागत खेल प्रतियोगिताएं
2 काव्य लेखन
3 निबन्ध लेखन
4 चित्रकला
5 देशभक्ति गीत
6 लोक नृत्य
7 भाषण प्रतियोगिता
8 महिला सम्मेलन/शैक्षिक विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी (छात्र--छात्राएं) पृथक–पृथक होंगे, प्रतियोगिताओं के विजेताओं को महाविद्यालय/संस्थान के स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

उपर्युक्त के क्रम में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार महाविद्यालय स्तर पर उक्त प्रतियोगिताएं 15–24 अगस्त 2025 के बीच संपन्न कराई जाए तथा उपर्युक्त सात प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न गूगल फार्म क्यूआर कोड में भरकर भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,
12-8-25
कुलसचिव

प्रतिलिपि :

(1) वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
(2) वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के संज्ञानार्थ।
(3) अध्यक्ष एवं समन्वयक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(3) प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।
(4) प्रभारी, प्रेस प्रवक्ता।

Art Competition 2024-25

Essay Writing Competition 2024-25

Folk Dance Competition 2024-25

Patriotic Song Competition 2025-26

Poetry Writing Competition 2025-26

Speech Competition 2025-26